भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 151**
उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025
सोमवार, 14 माघ 1946 (शक)

**उद्यमिता विकास सम्मेलन का उद्देश्य**

151. श्रीमती कमलेश जांगड़े:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उद्यमिता विकास सम्मेलन का उद्देश्य क्या है और यह सम्मेलन ग्रामीण और निचले स्तर पर उद्यमिता विकास के संबंध में सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के साथ किस प्रकार संरेखित है;

(ख) क्या सरकार विशेष रूप से इस सम्मेलन में हुई चर्चाओं के आलोक में ग्रामीण उद्यमियों के लिए कौशल विकास और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को सुगम बनाने के लिए पंचायती राज प्रणाली का लाभ उठाने के लिए कोई योजना बना रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से छत्तीसगढ़ में ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए कोई विशिष्ट उपाय किए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) मतस्य, पशु पालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत पशु पालन और डेयरी विभाग ने 13 जनवरी 2025 को दो योजनाओं, अर्थात् नेशनल लाइवस्टॉक मिशन (एन एल एम) तथा एनिमल हस्बैन्ड्री इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमैन्ट स्कीम (ए एच आई डी एफ) का प्रचार करने के उद्देश्य से उद्यमशीलता विकास कन्क्लेव का आयोजन किया ।

उक्त कन्क्लेव में उन राज्य सरकारों तथा उद्यमियों ने प्रतिभागिता की जिन्होंने अपनी सुविधाओं की स्थापना एन एल एम तथा ए एच आई डी एफ के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के बाद निवेश के माध्यम से की है ।

कान्क्लेव में सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करने वाले राज्यों को पुरस्कार प्रदान करके प्रोत्साहन दिया गया । इसी प्रकार उन उद्‌यमियों की परियोजनाओं को उक्त कन्क्लेव में प्रारंभ किया गया जिन्होंने एन एल एम योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त किया है । इसके अलावा बैंकों को भी योजना में उनकी प्रतिभागिता तथा ऋण प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया ।

(ख), (ग) और (घ) वर्तमान में ऐसी कोई योजना तैयार नहीं की जा रही है ।

******